Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to expedite construction of bridge across river Yamuna near Mau and Augashi in Banda Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा):अध्यक्ष जी, मैं अपने क्षेत्र की एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय सदन में रखना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दो जनपद बांदा और चित्रकुट आते हैं। बांदा जनपद में सेतु निगम द्वारा अवगाछी का पुल वर्षों से बनाया जा रहा है। जिसमें कभी काम बंद हो जाता है और कभी शुरू हो जाता है और कभी-कभी तो महीनों काम बंद रहता है। …(व्यवधान) उसकी लागत काफी बढ़ चुकी है। इसी तरह से चित्रकुट जनपद में मऊ के पास यमुना नदी पर महिला घाट पर एक सेतु निगम द्वारा पुल बनाया जा रहा है। …(व्यवधान)

मान्यवर वह पुल वर्ष 2011 से बन रहा है। उसको बनाने में बहुत लेट किया जा रहा है। दोनों बहुत ही महत्वपूर्ण पुल है, वहां हजारों लोगों का नाव द्वारा आवागमन होता है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि केन्द्र सरकार राज्य सरकार से बातचीत करके सेतु निगम के दोषी कर्मचारियों को दंडित कराएं और यथाशीघ्र उन पुलों को पूरा किया जाए। धन्यवाद। …(व्यवधान)